बहन के घर जा रहे भाई की सड़क दुर्घटना में मौत

हादसे में फूटा बाइक सवार का सिर

नवभारत,दमोह.जबलपुर स्टेट हाईवे के नोहटा थाना के हथनी गांव के समीप बुधवार की शाम बहन के घर जा रहे बाइक सवार युवक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी.जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. टक्कर इतनी जोरदार थी, कि बाइक सवार का सिर ही फूट गया. जिससे उसकी पहचान करना भी मुश्किल हो रहा था.पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त होने के बाद उसे जिला अस्पताल के शव ग्रह में रखवाया गया है.

मृतक अपनी बहन के घर दतला गांव जा रहा था, लेकिन इसके पहले ही उसके साथ यह घटना घटित हो गई.अपने बेटे की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है.22 वर्षीय मृतक अमृत

पिता देवकरण अहिरवार निवासी भाट बमोरी थाना बटियागढ़ का निवासी है.मृतक के चाचा पवन अहिरवार ने बताया कि उनका भतीजा दमोह के एकलव्य विश्वविद्यालय में पढ़ता था. बुधवार सुबह वह गांव से कॉलेज आया था. इसके बाद दोपहर में वह दतला गांव में अपनी बहन के घर जा रहा था.तभी हथनी गांव के समीप किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी.जिससे मौके पर उसकी मौत हो गई.मृतक के दो भाई हैं व एक बहन है। शव की शिनाख्त होने के बाद जिला अस्पताल पहुंचाया गया. सूचना मिलने पर परिजन भी पहुंचे बेटे की मौत से परिजनों का काफी बुरा हाल है.नोहटा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है.

इवेंट ड्यूटी से लौटते समय पुलिस बनी जीवन रक्षक,सड़क किनारे घायल पड़े राहगीर को समय पर अस्पताल पहुंचाया

नवभारत,हटा/दमोह.जिले के कुम्हारी थाना क्षेत्र अंतर्गत पटपरा के समीप पुलिस ने मानवता और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल पेश की.इवेंट कर लौट रही कुम्हारी थाना पुलिस ने सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़े एक राहगीर को देखा और बिना समय गंवाए उसे अस्पताल में भर्ती कराया.जानकारी के अनुसार कटनी निवासी प्रहलाद सिंह, जो मोटरसाइकिल से जमुनिया जा रहे थे, अचानक वाहन फिसलने से सड़क पर गिर गए. दुर्घटना के बाद वे घायल हालत में सड़क किनारे पड़े रहे और मदद के इंतजार में थे.

इसी दौरान वहां से गुजर रही पुलिस टीम की नजर उन पर पड़ी. मौके पर मौजूद आर. नितेंद्र राजपूत, सैनिक पीतम सिंह

और पायलट आकाश तिवारी ने तत्परता दिखाते हुए घायल को तत्काल सुरक्षित तरीके से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुम्हारी पहुंचाया. समय पर मिली चिकित्सा सहायता से घायल की स्थिति में सुधार बताया जा रहा है.इस संवेदनशील और त्वरित कार्रवाई ने एक बार फिर साबित किया कि पुलिस सिर्फ कानून की रक्षक नहीं, बल्कि संकट में जीवन बचाने वाली ताकत भी है. पुलिस के इस मानवीय चेहरे की क्षेत्र में सराहना की जा रही है.

रेल लाइन के समीप पेड़ से लटकी मिली लाश

नवभारत,दमोह। जिले के देहात थाना क्षेत्र का सागर नाका चौकी के समीप रेल्वे लाइन के किनारे एक 36 वर्षीय युवक की पेड़ से लटकी हुई.लाश लटकी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी हुई है, प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह रेल लाइन सुधारकर के द्वारा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई की एक व्यक्ति जो कि पेड़ से लटका हुआ है, जहां मौके पर सागर नाका चौकी से प्रधान आरक्षक प्रेमदास बैरागी,नीरज श्रीवास्तव और आरक्षक रामकुमार ने पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कार्रवाई करते हुए बताया कि मृतक गोविंद पिता परमलाल पटेल उम्र 36 वर्ष निवासी मोहार हार थाना दमोह देहात की मौत हो जाने पर पुलिस जांच में जुटी हुई है।

कलेक्टर के दौरे को लेकर तैयारियां

नवभारत,दमोह। पटेरा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गाड़ाघाट के ग्राम घोघरा में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के आगमन को लेकर जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं.प्रशासनिक अमला व ग्राम पंचायत द्वारा साफ-सफाई, बैठक व्यवस्था, स्वागत-सज्जा सहित आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है.कलेक्टर के दौरे को लेकर ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है और सभी संबंधित विभाग कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हुए हैं.

तीन दिवसीय कार्यक्रम में 35 प्रतिभागियों ने सहभागिता की

नवभारत,दमोह.गुरूदेव श्रीश्री रविशंकर के मार्गदर्शन में आर्ट ऑफ लिविंग के इंटरनेशनल प्रशिक्षक प्रशांत असाटी के सानिध्य में होटल ग्रीन ट्री,दमोह में आयोजित एडवांस मेडिटेशन प्रोग्राम कोर्स का सफल समापन हुआ.तीन दिवसीय इस विशेष कार्यक्रम में कुल 35 प्रतिभागियों ने सहभागिता की.

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने तीन दिन का मौन रखकर गुरूदेव के अद्भुत ज्ञान, ध्यान की विविध प्रक्रियाओं व आत्मिक साधना के माध्यम से जीवन के गूढ़तम रहस्यों को जाना.साथ ही जीवन को सहज, सरल व आनंदमय बनाने की कला को भी आत्मसात किया. कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रतिभागियों के चेहरे पर स्पष्ट रूप से खुशी, प्रेम एवं आंतरिक आनंद की अनुभूति दिखाई दी.सभी प्रतिभागियों द्वारा इस प्रभावशाली कार्यक्रम के लिए आर्ट ऑफ लिविंग दमोह टीम के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया गया.

दमोह वृत्त के अधीक्षण अभियंता चौहान द्वारा वितरण केन्द्र हिण्डोरिया का औचक निरीक्षण

नवभारत,दमोह .निरीक्षण के दौरान उन्होने वितरण केन्द्र प्रभारी प्रदीप सिंह परिहार को विद्युत व्यवस्था सुधार को लेकर कई अहम निर्देश दिये गये अधीक्षण अभियंता अमित कुमार चौहान द्वारा क्षेत्र मे विद्युत सप्लाई को सुदृण व निर्बाध बनाये रखने पर विशेष जोर दिया इसके साथ ही कि समाधान योजना का प्रभावी व समयबंद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गए। निरीक्षण के दौरान राजस्व संग्रहण बढाने लंबित बकाया बसूली मे तेजी लाने तथा उपभोक्ताओ की शिकायतो का त्वरित समाधान करने पर भी बल दिया गया वही कार्यालय की साफसफाई अभिलेखो के सुव्यवस्थित रख रखाव.

बड़े बाबा के दर्शन कर मन गदगद हो गया

प्रमाण सागर महाराज ससंघ की कुण्डलपुर में हुई मंगल अगवानी

नवभारत,दमोह. युग श्रेष्ठ महासमाधिधारक संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज,विद्या शिरोमणि आचार्य समयसागर जी महाराज के परमप्रभावक शिष्य गुणायतन, विद्या प्रमाण गुरुकुलम प्रणेता,शंका समाधान, भावना योग, मंगलभावना प्रवर्तक परमपूज्य मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज ससंघ की भव्य मंगल अगवानी कुण्डलपुर में हुई.

प्रचारमंत्री जयकुमार जलज ने बताया कि मुनिश्री संघ सहित कुंडलपुर पहुंचते ही सीधे पर्वत चढ़ाई मार्ग से बड़े बाबा मंदिर पहुंचे. चढ़ाई मार्ग पर चलते हुए मुनि श्री ने अपने संघस्थ साधुओं को को मार्ग के दोनों ओर लगे वृक्षों व पूरे पहाड़ी क्षेत्र पर लगे वृक्षों की श्रृंखला को दिखलाते हुए बताया कि यहां सदा हरियाली रहती है.यह पूज्य गुरुदेव की ही सोच का परिणाम है.मुनि श्री ने सीधे बड़े बाबा मंदिर जाकर पूज्य बड़े बाबा केससंघ दर्शन किए और वहां से शंका समाधान के सत्र में सम्मिलित हुए.जहां पर मुनि श्री ने अपना मंगल आशीष देते हुए कहा कि आज बड़े बाबा के चरणों में आते हुए हमारा व सभी का मन बहुत उत्साहित था.आज बड़े बाबा के दर्शन कर मन गदगद हो गया.बड़े बाबा को अपने में समाए हुए गुरुदेव का दर्शन मुझे हुआ.

मुनि श्री ससंघ की आहार चर्या हुई

नवभारत,दमोह .परम पूज्य मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज का दमोह से विहार होकर आमखेड़ा में रात्रि विश्राम हुआ.

प्रातः आमखेड़ा से विहार करते हुए मुनि श्री संघ हिंडोरिया ग्राम पहुंचा .जहां पर मुनि श्री ससंघ की आहार चर्या संपन्न हुई .सामायिक पश्चात शंकर समाधान कार्यक्रम के पश्चात मुनि श्री ससंघ हिंडोरिया से विहार करते हुए बमनपुरा ग्राम पंचायत में रात्रि विश्राम कर रहे .साल के आखिरी दिवस 31 दिसंबर को मुनिश्री प्रातः विहार करते हुए पटेरा ग्राम पहुंचेंगे जहां ससंघ की आहारचर्या पटेरा ही में संपन्न होगी .दोपहर में सामयिक उपरांत मुनि श्री ससंघ का कुण्डलपुर की ओर विहार होगा. रास्ते में देश के कोने-कोने से आए जनसमूह के साथ चलकर सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में मुनिश्री ससंघ की भव्य अगवानी की जाएगी.

रोहन पाठक बने पंचायती राज संगठन के जिलाध्यक्ष

नवभारत,दमोह। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी व प्रदेश कांग्रेस संगठन के प्रभारी संजय कामले की अनुशंसा पर राजीव गांधी पंचायती राज संगठन विभाग की प्रदेश अध्यक्ष सुश्री मोना कोरव ने दमोह विधानसभा की ग्राम पंचायत बांसा के युवा सरपंच रोहन राजेन्द्र पाठक को दमोह का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है वह दमोह जिले की प्रत्येक पंचायत में सक्रिय युवाओ को पंचायती राज ने जुड़कर उन्हें कांग्रेस पार्टी की रीति नीति से जोड़ेगे उनके मनोनयन पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानक पटेल, पूर्व विधायक अजय टंडन, प्रताप सिंह, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष रतनचंद जैन, मनु मिश्रा, संजय चौरसिया, रजनी ठाकुर, लक्ष्मण सींग, सतनाम जुनेजा, गुड्डा नामदेव, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, वीरेन्द्र राजपूत, नितिन मिश्रा सहित जिले के समस्त कांग्रेस कार्यकर्त्ता रहें।

एक नजर में

दमोह की शशि बाईसा बनी करणी सेना क्षत्राणी की प्रदेश संरक्षक व जिला अध्यक्ष

नवभारत,दमोह। मध्य प्रदेश करणी सेना क्षत्राणी द्वारा दमोह जिला निवासी शशि बाईसा को प्रदेश संरक्षक व दमोह जिले का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है उनकी इस नियुक्ति से दमोह जिले में अत्यंत हर्ष व्याप्त है अनेक वर्षों से सामाजिक सेवा का संकल्प लेकर मातृशक्ति को प्रोत्साहित करने वाली शशि बाईसा अब करणी सेना क्षत्राणी मध्य प्रदेश को अपना मार्गदर्शन प्रदान करेंगी उनकी इस उपलब्धि पर उनके शुभचिंतकों में अत्यंत प्रसन्नता व्याप्त है और उन्हें निरंतर शुभकामनाएं प्राप्त हो रही है। इस नियुक्ति पर शशि बाईसा ने कहा कि मैं करणी सेना क्षत्राणी मध्य प्रदेश की आभारी हूं कि उन्होंने मुझे प्रदेश में संरक्षक और दमोह जिले के अध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है मेरा प्रयास रहेगा कि मैं संगठन को और अधिक सशक्त और मजबूत बना सकूं आने वाले समय में संगठन की नीति और जनहितैषी कार्यों को जन-जन तक पहुंच कर लोगों को जोड़ने का प्रयास रहेगा.



ओंकार प्रसाद मिश्रा व जगदीश अहिरवार हुए सेवानिवृत्त

नवभारत,दमोह .छात्रावास परिसर चैनपुरा दमोह में ओंकार प्रसाद मिश्रा व जगदीश प्रसाद अहिरवार के सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. जनजाति कार्य विभाग की जिला संयोजक सुश्री अदिति शांडिल्य और राकेश हजारी की उपस्थिति में विदाई कार्यक्रम का आयोजन हुआ. कार्यक्रम में सेवानिवृत कर्मचारियों के परिवार और पूर्व अधीक्षक अनिल नेमा बाबूलाल अहिरवार अधीक्षक मुकेश व्यास, अबरार खान, राघवेंद्र नेमा,श्रीमती नीता गोस्वामी, श्रीमती राधा अहिरवार,श्रीमती रानू आर्य, श्रीमती कलावती ठाकुर और समस्त अधीक्षक व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की उपस्थिति रही.

वाहन चेकिंग अभियान चला

नवभारत,दमोह. नव वर्ष कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व यातायात व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस द्वारा सघन चेकिंग की जा रही है.दमोह पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी, सीएसपी एचआर पांडे, टीआई कोतवाली मनीष कुमार,देहात थाना प्रभारी रचना मिश्रा और यातायात थाना प्रभारी दलबीर सिंह मार्को सहित पुलिस बल शहर और जिले भर में थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी चेकिंग और अन्य गतिविधियों पर नजर बना रहे हैं.जिससे शांतिपूर्ण तरीके से नयावर्ष हो. मंगल-बुधवार की रात दमोह शहर के मारुताल बाईपास पर थाना पटेरा से प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर, सब इंस्पेक्टर संतोष सिंह, एएसआई संजय सिंह,बलदेव,दिलीप,प्रआ दिनेश, आर.भानू और आरक्षक गौतम सहित पुलिस बल मौजूद रहा. वहीं दमोह शहर के कंकाली माता चौराहा और शहर के समन्ना धर्मपुरा बाईपास दमोह में सघन चेकिंग कार्रवाई की गई.जिसमें दो पहिया, चार पहिया वाहनों को रोक कर उन्हें चेक किया गया, साथ ही हिदायत दी गई. इस दौरान टीआई मनीष कुमार, थाना हिंडोरिया धर्मेंद्र उपाध्याय,एएसआई अलजार सिंह, प्रधान आरक्षक वीरेंद्र, अभिषेक और पुलिस बल मौजूद रहा.

विधायक पेंटिंग प्रतियोगिता का मूल्यांकन

नवभारत,दमोह। विधायक पेंटिंग प्रतियोगिता अंतर्गत शहर में की जा रही पेंटिंगों के मूल्यांकन हेतू समिति का गठन किया गया था जिसमें पारदर्शिता के साथ उत्कृष्ट छात्र, छात्राओं द्वारा की गयी पेंटिग का चयन किया जा सके। समिति में निम्नांकित सदस्य आमंत्रित किये गए ।मूल्यांकन समिति में प्रमोद कुमार गांगरा संयोजक विधायक पेंटिंग प्रतियोगिता,डॉ मीरा माधुरी महंत, हेमंत पाठक सचिव उन्मुक्त संस्था, उमेश तिवारी शिक्षक, श्रीमती तृप्ति जैन समाज सेवी, जिसमें सभी सदस्यों ने पेंटिंग प्रतियोगिता का मूल्यांकन सुबह 11बजे से प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज दमोह से प्रारंभ होकर स्टेडियम की दीवार, के .एन कॉलेज की दीवार, जिला सत्र व न्यायधीश के निवास की दीवार, उत्कृष्ट विद्यालय की दीवार, तहसील ग्राउंड की दीवार पर चित्रकलाओ का मूल्यांकन कर जिसका समापन जसवंत भाई प्रहलाद भाई बीड़ी वाला स्कूल में समापन हुआ किया गया।

हटा क्षेत्र के समग्र विकास को लेकर समीक्षा बैठक

नवभारत,दमोह। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया हटा क्षेत्र के समग्र विकास से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर विधायक उमा देवी खटीक की उपस्थिति में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के विभागीय अधिकारीगण भी उपस्थित रहे ।बैठक में प्रमुख रूप से शासकीय विभागों को भूमि आवंटन से संबंधित प्रकरणों पर विचार किया गया। साथ ही एमपीआरडीसी द्वारा किए जा रहे सड़क निर्माण कार्य, सेतु निगम द्वारा प्रस्तावित व प्रगतिरत पुल निर्माण परियोजनाओं तथा पाइप-लाइन शिफ्टिंग से जुड़ी

कच्चे घर में लगी आग

मड़ियादो पुलिस मौके पर पहुची

नवभारत,मडियादो/दमोह. मडियादो थाना क्षेत्र के इंदिरा कॉलोनी में बुधवार दोपहर एक कच्चे घर में अचानक आग लग गई.आसपास के लोगों ने घर में आग लगी देख पर काबू पाने का प्रयास किया. साथ ही मडियादो थाना पुलिस को भी आगजनी की सूचना दी.जिसके बाद डायल 112 पायलट नीरज कुमार और आरक्षक खेमराज मौके पर पहुंचे, हटा से दमकल टीम मौके पर पहुंची और आग पर पूरी तरह से काबू पाया,पीड़ित रख्खू प्रजापति पिता आशाराम के घर मे आग लगने से साइकिल और गृहस्थी का अन्य सामान जलकर खाक हो गया.घर में आग लगने का कारण फिलहाल अज्ञात है.

यश नायक की मृत्यु से शोक

नवभारत,दमोह। सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत जेल के समीप विगत माह रात्रि में जबलपुर नाका की ओर जा रहे थे, तभी किसी वाहन की टक्कर लगने से गंभीर रूप से

घायल हो गया था,जिन्हें उपचार के लिए दमोह जिला अस्पताल के बाद जबलपुर और दिल्ली रेफर किया था. जिनका उपचार चलता रहा, सोमवार की शाम मौत हो जाने पर मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम कार्रवाई उपरांत शव परिजनों को पुलिस ने सुपुर्द किया, बता दे कि मृतक असाटी वार्ड-1 निवासी यश पिता अजय नायक उम्र करीब 25 वर्ष की मौत हो जाने पर शहर और समाज में शोक व्याप्त है.

निधन



सुंदर लाल दुबे

नवभारत,हिंडोरिया। ग्राम बनगांव राधा रमण मंदिर दमोह के पुजारी शिवप्रसाद दुबे, नारायण प्रसाद दुबे,मोहनलाल दुबे,राजाराम दुबे के पिता सुन्दरलाल दुबे का 80 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है उनकी अंतिम शव यात्रा में सभी वर्गों के लोगों ने भाग लेकर मृतक को शोक श्रद्धांजलि अर्पित की।



एससी श्रीवास्तव

शहर के प्रोफेसर कॉलोनी- 17 दमोह निवासी संजीव श्रीवास्तव, सोनल श्रीवास्तव व सीमांत श्रीवास्तव के पूज्य पिता एससी श्रीवास्तव का निधन हो जाने पर अंतिम यात्रा सुरेका कॉलोनी स्थित श्मशान घाट पहुंची,जहां सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित की.

प्रतिबंध | **नववर्ष पूर्व संध्या पर पार्टी/जलसा में किया गया नियमों का पालन**

तीव्र ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग आज रात्रि 12 बजे तक पूर्णत : प्रतिबंधित

नवभारत,दमोह। जिले की भौगोलिक सीमाओं के अंतर्गत रानी दुर्गावती अभ्यारण्य एवं नौरादेही अभ्यारण्य कोर जोन एवं चिहिन्त ईको सिन्सेटिव जोन, अतिसंवेदनशील वन्य प्राणी बाहुल्य क्षेत्र को दृष्टिगत रखते हुये भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत संरक्षित क्षेत्र के समीप नववर्ष पूर्व संध्या पर पार्टी/जलसा का आयोजन, तीव्र ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग आज 31 दिसम्बर 2025 दोपहर 12 बजे से 01 जनवरी 2026 रात्रि 12 बजे तक जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने पूर्णतः प्रतिबंधित किया है।

जिला मजिस्ट्रेट श्री कोचर द्वारा जारी आदेशानुसार इस अवधि के दौरान उक्त क्षेत्र में सड़क पर/जंगल/नदी के समीप किसी भी प्रकार की अनाधिकृत गतिविधि/पार्टी/शराब पीकर गाड़ी चलाने/10 से अधिक व्यक्तियों का जमावड़ा पाये जाने अथवा किसी भी प्रकार की गतिविधि जिसमें आमजन तथा सैलानियों को असुविधा/समस्या हो अथवा वन प्राणियों के दैनिक क्रिया-कलाप पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े अथवा किसी भी प्रकार के कानून एवं शांति व्यवस्था को बाधित किया जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 तथा अन्य समस्त प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी ।यह आदेश सर्व साधारण को सम्बोधित है एवं परिस्थितियां ऐसी है कि समय अभाव के कारण सर्व साधारण को सूचना तामील नहीं की जा सकती और न ही सर्व साधारण से आपत्तियां प्राप्त की जा सकती है। अतः यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163(2) के अंतर्गत एक पक्षीय पारित किया जाता है। आदेश का प्रचार-प्रसार स्थानीय समाचार पत्रों/इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से कराया जाये ।ज्ञातव्य है प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 01 जनवरी 2026 को नये वर्ष का पर्व मनाया जायेगा। दमोह जिले की भौगोलिक सीमाओं के अंतर्गत रानी दुर्गावती अभ्यारण्य एवं नौरादेही अभ्यारण्य कोर जोन, बफर जोन एवं चिहिन्त ईको सिन्सेटिव जोन, अतिसंवेदनशील वन्य प्राणी बाहुल्य क्षेत्र आता है। वन्य प्राणियों के दैनिक क्रिया-कलापों एवं मानसिक संतुलन पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े व यहां के आमजन की दैनिक गतिविधियां, आस-पास के लोगों तथा बाहर से आये सैलानियों को कोई असुविधा या समस्या न हो को दृष्टिगत रखते हुये यह आवश्यक है, कि संरक्षित क्षेत्र के समीप स्थापित होटल/लाज/रिसोर्ट आदि में तीव्र ध्वनि विस्तारक यंत्रों के संचालन को नियंत्रित किया जाना व उक्त अवधि के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था लोक तथा सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो, जिससे लोक परिशांति भंग होने या लोक जन के मध्य विवाद की स्थिति निर्मित होने की संभावना उत्पन्न न होने पाये।

नाम सुधार सूचना

मैं सुनील राय वल्द श्री आर.एस. राय उम्र 54 वर्ष साकिन फुटेरा वार्ड नं. 1 हरसिद्धी मंदिर के पास, दमोह तहसील व जिला दमोह (म.प्र.) निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन करता हूँ :- (1) यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूँ।(2) यह कि मेरी पुत्री का नाम समृद्धि राय है जो उसके आधार कार्ड एवं स्कूल में भी दर्ज है। उसके जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम त्रिनयनी उर्फ समृद्धि राय दर्ज है। उक्त दोनों ही नाम एक ही लड़की यानि मेरी पुत्री के हैं।(3) यह कि मेरे पुत्र का नाम जनमेजय राय है जो उसके आधार कार्ड एवं स्कूल में भी दर्ज है। उसके जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम प्रांशु उर्फ जनमेजय राय दर्ज है। उक्त दोनों ही नाम एक ही व्यक्ति यानि मेरे पुत्र के हैं।(4) यह कि मेरी पुत्री त्रिनयनी उर्फ समृद्धि के स्थान पर उसका एक नाम समृद्धि राय ही चलेगा तथा मेरे पुत्र प्रांशु उर्फ जनमेजय राय के स्थान पर उसका एक नाम जनमेजय राय ही चलेगा। अब मेरे पुत्र को जनमेजय राय एवं पुत्री को समृद्धि राय के नाम से ही जाना पहचाना जायेगा।(5) यह कि मैं अपने पुत्र व पुत्री के सही नामों के संबंध में यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ।

सुनील राय